RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 02 सितंबर 2025 | वर्ष 07 | अंक 135 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर कंक्रीटिंग के बावजूद गड्ढे...



Page - 2

# आगे कुआं तो पीछे खाई...

# मराठा आंदोलन से मुश्किल में फडणवीस, सरकार पर मंडरा रहा है खतरा!

**मराठा आरक्षण के मसले पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अब एक कठिन मोड़ पर आ खड़े हुए हैं। एक ओर मनोज जरांगे पाटिल आजाद मैदान छोड़ने को राजी नहीं हैं, तो वहीं बॉम्बे हाईकोर्ट ने मराठा आंदोलनकारियों को मंगलवार शाम 4 बजे तक मुंबई की सड़कों से हटने का निर्देश जारी किया है।**

अदालत के आदेश का पालन यदि कराने के लिए बल का प्रयोग किया गया तो हालात बिगड़ सकते हैं। ऐसे में दोबारा बहुमत के साथ सत्ता में लौटे सीएम फडणवीस पर सबकी निगाहें हैं कि वे मराठा आरक्षण, कोर्ट के निर्देश और ओबीसी वर्ग को नाराज किए बिना कैसे रास्ता निकालते हैं। गौरतलब है कि पिछली बार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जरांगे को नवी मुंबई से ही लौटा दिया था, जिससे मुंबई बड़े जाम से बच गई थी।

## आगे कुआं पीछे खाई वाली स्थिति

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि फडणवीस के राजनीतिक करियर की सबसे गंभीर चुनौती इस वक्त सामने है। मुंबई की सड़कों पर हजारों मराठा प्रदर्शनकारी मौजूद हैं। ऐसे में सरकार को सोच-समझकर निर्णय लेना होगा। जरांगे की मांग है कि मराठा समुदाय को ओबीसी के अंतर्गत कुनबी श्रेणी में आरक्षण दिया जाए। लेकिन ऐसा हुआ तो ओबीसी समुदाय की नाराजगी एक नई समस्या बन सकती है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में राजनीतिक जानकारों ने हैरानी जताई कि जरांगे को आजाद मैदान आने की अनुमति देना ''आ बैल मुझे मार'' जैसी स्थिति बन गई है। जरांगे जिस प्रकार अडिग हैं, उससे यह संभावना बेहद कम है कि वे केवल आश्वासन पर जालना लौट जाएंगे। ध्यान रहे कि गृह विभाग भी फडणवीस के पास ही है।



## जरांगे को कैसे मनाएगी सरकार?

मराठा आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे लगातार फडणवीस पर निशाना साध रहे हैं। वे उनकी तुलना गिरगिट से कर चुके हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर मराठा समुदाय की मांग मानी गई तो धनगर समाज भी आरक्षण के लिए फिर से सड़क पर उतर सकता है। सरकार यह सिफारिश कर सकती है कि मराठा और कुनबी समुदाय समान हैं, और मराठों को ओबीसी सूची में जोड़ा जाए। इसके बदले सरकार जरांगे से कुछ समय की मोहलत मांग सकती है। लेकिन सवाल ये है कि क्या जरांगे इतने पर मान जाएंगे?

## फडणवीस का 'बिग टेस्ट'

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि अगर आंदोलन में कोई भी अप्रिय घटना घटी, तो सरकार पर उसका सीधा असर पड़ सकता है। हाल ही में एक टीवी इंटरव्यू में फडणवीस ने कहा था कि महाराष्ट्र की राजनीति में उनका मुख्यमंत्री होना कुछ लोगों को नहीं सुहाता, लेकिन 2014 में भाजपा ने उन्हें जिम्मेदारी दी थी। फडणवीस ब्राह्मण हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री शिंदे और अजित पवार मराठा समुदाय से हैं। ऐसे में मराठा आंदोलन को संभालना उनके लिए एक बड़ी राजनीतिक परीक्षा है। जरांगे के आजाद मैदान में टिक जाने से यह चुनौती और गंभीर हो गई है। क्योंकि सभी मराठाओं को कुनबी वर्ग में डालना कानूनी रूप से आसान नहीं है। किसी जाति की पहचान और वर्गीकरण भारत सरकार की अधिसूचना और संसद द्वारा ही होता है। राज्य सरकार अपनी मर्जी से किसी समुदाय को दूसरी जाति में नहीं डाल सकती।

# वेटिंग टिकट को अलविदा!

## अब वंदे भारत एक्सप्रेस में 20 कोच, सिर्फ साढ़े 6 घंटे में मुंबई-सोलापुर सफर...



**मुंबई :** मुंबई-सोलापुर मार्ग पर यात्रियों के लिए खुशखबरी लेकर आई है देश की शान वंदे भारत एक्सप्रेस। अब यह हाई-स्पीड ट्रेन 16 नहीं बल्कि पूरे 20 डब्बों के साथ दौड़ेगी। इस बदलाव से यात्रियों को न केवल अधिक सीटें मिलेंगी, बल्कि त्योहारों के मौसम में टिकट की मारामारी और लंबी वेटिंग से भी बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे प्रशासन ने घोषणा की है कि 28 अगस्त से वंदे भारत एक्सप्रेस नई संरचना के साथ पटरियों पर दौड़ेगी।

गुरुवार को मुंबई से और शुक्रवार को सोलापुर से यह ट्रेन 20 डब्बों के साथ रवाना होगी। पहले इस ट्रेन में 16 डब्बे होते थे, जिनमें 14 चेयर कार और 2 एक्जिक्युटिव चेयर कार शामिल थीं। अब इसमें 17 चेयर कार और 3 एक्जिक्युटिव चेयर कार होंगी। इसका सीधा लाभ यह है कि करीब 286 अतिरिक्त सीटें यात्रियों को उपलब्ध होंगी। यानी अब एक फेरी में 1,128 नहीं, बल्कि 1,414 यात्री आराम से सफर कर सकेंगे।

खास बात यह है कि ट्रेन के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सोलापुर से ट्रेन नंबर 22226 रोजाना (गुरुवार छोड़कर) सुबह 6:05 बजे रवाना होगी और मात्र 6 घंटे 30 मिनट में 455 किलोमीटर का सफर तय कर दोपहर 12:35 बजे मुंबई पहुंचेगी। वहीं, मुंबई से ट्रेन नंबर 22225 रोजाना (बुधवार छोड़कर) शाम 4:05 बजे चलेगी और रात 10:35 बजे सोलापुर पहुंचेगी। रास्ते में कुडुर्वाड़ी, पुणे, कल्याण और दादर स्टेशन पर ठहराव मिलेगा।

# मुंबई की बेस्ट बस में पर मराठा आंदोलनकारियों का हंगामा...

## यात्री की पिटाई कर खिड़की के शीशे तोड़े



मुंबई में मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। मुंबई से सांताक्रूज आगर की बेस्ट बस में रविवार रात कुछ आंदोलनकारियों और एक यात्री के साथ विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ा कि आंदोलनकारियों ने यात्री के साथ बस में ही मारपीट करनी शुरू कर दी और बस का एक शीशा भी तोड़ दिया। इस दौरान बस में अफरा-तफरी का महौल बन गया। हंगामा बढ़ता देख बस के कर्मचारी वहां पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस के पहुंचने के पहले दोनों पक्ष वहां से फरार हो गए। मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**बेस्ट बस में हुआ हंगामा, बस का शीश टूटा**

जानकारी के अनुसार, मुंबई के सांताक्रूज आगार की बेस्ट बस क्रमांक 7867 में रविवार रात उस समय हंगामा हो गया, जब कुछ मराठा आंदोलनकारियों ने बस में हमला कर दिया। यह घटना जुहू बस स्थानक की बताई जा रहा है। जहां से शाम लगभग 7:15 बजे बस गुजर रही थी। इस समय बस में कर्मचारी मौजूद नहीं थे। बताया गया है कि इसी दौरान आंदोलनकारियों और कुछ यात्रियों के बीच विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद इतना बढ़ा कि बस में हंगामा हो गया। आरोप है कि कुछ आंदोलनकारियों ने बस का शीशा भी तोड़ दिया।

**बस यात्री के साथ की गई मारपीट**

इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बस में हंगामे के बाद आंदोलनकारियों ने एक यात्री को बस में गिराकर उसकी पिटाई की और बस की दाईं ओर की तीसरी खिड़की का शीशा भी तोड़ दिया। बस में हुए हंगामे की आवाज सुनकर बसचालक, बसवाहक और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मामला शांत करने की कोशिश की।

## पुलिस का व्यापक ऑल आउट अभियान... 1.27 लाख रुपये का अवैध माल जब्त !

**पालघर :** पुलिस ने जिलेभर में एक व्यापक ऑल आउट अभियान चलाकर कड़ा एक्शन लिया। पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनायक नरले के मार्गदर्शन में यह अभियान एकसाथ 16 पुलिस थानों की सीमाओं में अंजाम दिया गया। एक दिन में बड़ी कार्रवाई अभियान के दौरान 27 नाकाबंदी, 19 कोंबिंग ऑपरेशन किए गए। दारूबंदी कानून के तहत 14 प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने करीब 1.27 लाख रुपये का अवैध माल जब्त किया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत 128 चालान काटकर 54,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। पुलिस ने 73 हिस्ट्रीशीटर, 45 निगरानी में रखे गए अपराधी और 22 हाल ही में जेल से रिहा आरोपियों की गहन पूछताछ की। साथ ही, 23 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, 34 वारंट और 95 समन की तामील की गई।



## संपादकीय...




फैसल शेख
(प्रधान संपादक)


# ट्रंप रूपी आपदा को अवसर में बदलें...

पंचतंत्र की कथा है। एक तालाब में तीन मछलियां रहती थीं-अनागतविधाता, प्रत्युत्पन्नमति और यद्भविष्य। अनागतविधाता आने से पहले उपाय कर लेती थी। प्रत्युत्पन्नमति समस्या आने पर कुछ करती और यद्भविष्य भाग्य के भरोसे रहती थी। चीन को आप अनागतविधाता मान सकते हैं और भारत को प्रत्युत्पन्नमति, जो संकट सिर पर आने पर ही अपने हाथ-पांव मारता है।

हम आजाद तो गांधी जी के स्वावलंबन के नारे के साथ हुए थे, मगर अन्न की आत्मनिर्भरता के लिए हरित क्रांति पर काम तब तक शुरू नहीं किया गया जब तक भयंकर अन्न संकट से दो-चार नहीं हुए। आर्थिक सुधार तब तक नहीं किए, जब तक 1991 में देश संरक्षणवाद और लाइसेंस राज की वजह से दिवालिया होने के कगार पर नहीं जा पहुंचा। इसी तरह उद्योगों में आत्मनिर्भरता की बात हमें तब तक याद नहीं आई जब तक कोविड महामारी ने आर्थिकी को ठप नहीं कर दिया। अब ट्रंप की अप्रत्याशित नीति ने विदेश व्यापार और विदेश नीति के मोर्चे पर हमारे लिए संकट खड़ा कर दिया, जिसके समाधान के लिए आत्मनिर्भर भारत की बात दोहराई जा रही है। टैरिफों को अपनी ही केंद्रीय अदालत द्वारा अवैध ठहराने के बावजूद राष्ट्रपति ट्रंप ने 25 वर्षों के सामरिक और आर्थिक संबंधों को ताक पर रखते हुए भारत पर लगाए टैरिफ को 25 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। यही नहीं, भारत के सेवा क्षेत्र को निशाना बनाने वाले मोर्चे भी खोले जा रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस हर साल प्रशिक्षित पेशेवरों के लिए 65 हजार और उच्च शिक्षा के लिए 20 हजार वीजा देती है जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत वीजा भारतीय पेशेवर और छात्र हासिल करते हैं।

चूंकि सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय कंपनियां एच-1बी वीजा के जरिये ही अपने प्रशिक्षित कर्मचारी अमेरिका भेजती हैं, इसलिए ट्रंप सरकार इसी पर अंकुश लगाना चाहती है। हालांकि खुद ट्रंप के कारोबार में एच-1बी वीजा पर आए पेशेवर काम करते हैं, पर उनके वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस को एच-1बी वीजा की व्यवस्था घोटाला नजर आती है। गवर्नर डेसेंटिस ने तो यहां तक कहा है कि भारत ने इसे अमेरिकी व्यवस्था का दोहन करने का कुटीर उद्योग बना रखा है। ट्रंप सरकार अंतरराष्ट्रीय छात्रों के एफ वीजा और एक्सचेंज छात्रों के जे वीजाओं पर भी कड़ी समय सीमाएं लगाने जा रही है। ग्रीन कार्ड की जगह भी 50 लाख डालर से मिलने वाले गोल्ड कार्ड शुरू किए जा रहे हैं जिनके सहारे ट्रंप अमेरिका के कर्ज को उतारना चाहते हैं। व्यापार और आप्रवासन को लेकर ट्रंप सरकार का यह रवैया भले नाटकीय लगे, लेकिन अप्रत्याशित नहीं है। उनके पहले कार्यकाल के कामों से और चुनाव प्रचार से इसके स्पष्ट संकेत मिल चुके थे। भारत की ऊंची आयात-शुल्क दरों और एच-1बी वीजा के मामले पर ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भी तनातनी हुई थी।


Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani


# अवैध शराब कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई !

## पुलिस ने जब्त किया 1.95 करोड़ का माल...



**मुंबई :** त्योहारों और गणेशोत्सव को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमर कस ली है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले दो दिनों में जिले के 19 पुलिस थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर कुल 160 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस अभियान के दौरान 165 शराब बिक्रेताओं और तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके कब्जे से लगभग 1 करोड़ 95 लाख 13 हजार 375 रुपये मूल्य की अवैध शराब, वाहन, उपकरण और अन्य सामग्री जब्त की है।

त्योहारी माहौल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा ताकि किसी भी प्रकार की सामाजिक अव्यवस्था और अपराध पर नियंत्रण पाया जा सके।

**गणेशोत्सव और ईद के मद्देनजर पुलिस सतर्क**

सितंबर माह में ईद, गणेशोत्सव जैसे अन्य बड़े त्योहार व उत्सव होने जा रहे हैं। इन पर्वों के दौरान शहर में भारी भीड़ और जनसमूह की संभावना रहती है। ऐसे समय में किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए पुलिस प्रशासन ने अलर्ट मोड में रहते हुए यह सख्त कदम उठाया है।पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में अवैध धंधों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नियमित गश्त, विशेष छापेमारी और खुफिया निगरानी के जरिए ऐसे कारोबारियों पर नजर रखी जा रही है।

**जनता से सहयोग की अपील**

पुलिस विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास किसी प्रकार का अवैध शराब विक्रय या निर्माण होता दिखाई दे, तो इसकी जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन को दें। इस कड़ी कार्रवाई से यह स्पष्ट है कि त्योहारों के इस मौसम में जिले को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस किसी भी स्तर पर समझौता करने के मूड में नहीं है।

# ड्रग रैकेट पकड़ा, पुलिस ने 15 लाख रुपये मूंल्य की चरस बरामद की...



**पुणे :** गणेश उत्सव के दौरान एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, छत्रपति संभाजीनगर स्थित मुकुंदवाड़ी पुलिस ने एक अवैध ड्रग रैकेट का पदार्फाश किया और पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक गुप्त सूचना के आधार पर, पुलिस ने अंबिका नगर में छापा मारा और लगभग 1.5 किलोग्राम चरस बरामद की, जिसकी कीमत ₹15 लाख है। अधिकारियों ने पुष्टि की कि त्योहारों के मौसम में अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए नियमित गश्त के दौरान यह जब्ती की गई। प्रतिबंधित सामग्री को जब्त कर लिया गया और संदिग्धों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पुलिस ने बताया कि पूरे उत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।


# टीएमटी को प्रतिदिन चार से पाँच लाख और प्रति माह एक से डेढ़ करोड़ का नुकसान



**ठाणे :** यद्यपि परिवहन सेवाओं का राजस्व बढ़ रहा है, फिर भी विभिन्न रियायतों के कारण परिवहन अपेक्षित राजस्व से वंचित रह रहा है। 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुफ्त यात्रा, महिलाओं के लिए किराए में 50 प्रतिशत की छूट, विकलांगों और स्कूली छात्रों को दी जाने वाली रियायतों के कारण टीएमटी को प्रतिदिन चार से पाँच लाख और प्रति माह एक से डेढ़ करोड़ का नुकसान हो रहा है। ठाणे के लोगों को तेज और सस्ती परिवहन सेवाएँ प्रदान करने के लिए, ठाणे नगर निगम ने एक परिवहन सेवा पहल शुरू की। इस पहल के तहत, ठाणे परिवहन की लगभग 380 बसों में न केवल शहर में बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी तीन से साढ़े तीन लाख यात्री नियमित रूप से यात्रा करते हैं।

2015 से, लोगों की कमी के कारण टिकट की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। डीजल और सीएनजी की कीमतों में भारी वृद्धि हो रही है। वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, विकलांगों और छात्रों को छूट दी गई है। इससे मनपा को प्रतिदिन चार से पाँच लाख और प्रति माह एक से डेढ़ करोड़ की आय पर पानी फेरना पड़ रहा है। वर्तमान में टीएमटी को प्रतिदिन 28 लाख की आय हो रही है। नगरपालिका की 74 बसों से टीएमटी को लगभग सात से आठ करोड़ रुपये की मासिक आय होती है। नगर पालिका के पास 74 बसें हैं, जिनमें से लगभग 40 बसें सड़कों पर चल रही हैं। आनंदनगर से अनुबंध के आधार पर 240 डीजल और 123 इलेक्ट्रिक बसें सेवा में हैं।

# मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर कंक्रीटिंग के बावजूद गड्डे...



**वसई :** मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर 121 किलोमीटर लंबे हिस्से के कंक्रीटिंग का काम होने के बाद भी सडक की हालत बदहाल है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और ऊबड़-खाबड़ हिस्से बने हुए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इन समस्याओं के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खासकर मानसून के दौरान। सड़क की खराब गुणवत्ता को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। नागरिकों का आरोप है कि कंक्रीटिंग के काम में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। स्थिति को देखते हुए, पालघर जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को काम की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए हैं।

मरम्मत का काम शुरू, एजेंसी नियुक्त जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने उन हिस्सों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है, जहां कंक्रीटिंग खराब हो गई थी। परियोजना निदेशक सुहास चिटनीस ने बताया कि इस काम के लिए एक विशेष एजेंसी नियुक्त की गई है। यह एजेंसी खराब हुए पैनलों का निरीक्षण कर रही है और उन्हें हटाकर नए पैनल लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेता कुलदीप वर्तक ने इस मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा है कि घोड़बंदर से अचड़ तक 125 किलोमीटर के हिस्से में कंक्रीटिंग का काम बहुत ही घटिया स्तर का है। कांग्रेस नेता कुलदीप वर्तक का आरोप है कि 600 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क की हालत खराब है, जिससे अब तक 30 से ज्यादा लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सड़क पर बने कई पुलों के डेक की ऊंचाई कम होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है, जिससे वाहन के नीचे गिरने और यात्रियों की जान जाने की आशंका बढ़ जाती है। वसई विरार युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुलदीप वर्तक ने प्राधिकरण के परियोजना प्रबंधक को पत्र लिखकर इस ओर ध्यान दिलाया है।

# मुंबई : महाराष्ट्र सरकार के गृह राज्यमंत्री योगेश कदम ने जरांगे से भावुक अपील की



**मुंबई** : मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल मुंबई के आजाद मैदान में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार के गृह राज्यमंत्री योगेश कदम ने जरांगे से भावुक अपील की है। रविवार को मनोज जरांगे का अनशन तीसरे दिन में प्रवेश कर गया, लेकिन महाराष्ट्र सरकार के साथ उनकी बातचीत अब तक बेनतीजा रही है। जरांगे ने सरकार को कड़ी चेतावनी दी है कि वह मराठा समुदाय के धैर्य की परीक्षा न ले। उनके समर्थन में हजारों लोग आजाद मैदान में जुटे हैं, जिससे माहौल में तनाव दिख रहा है।

उन्होंने कहा, ''आप अपने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर अडिग हैं। हम आपसे यह नहीं कहेंगे कि आप अपना रुख बदलें, लेकिन समाज को आपके जैसे कार्यकर्ता और नेता की बेहद जरूरत है, इसलिए सबसे पहले आपको अपनी तबीयत का ख्याल रखना चाहिए।'' कदम ने कहा, ''सर सलामत तो पगड़ी पचास। आपका स्वास्थ्य सबसे ज्यादा जरूरी है। यह आंदोलन जरूर सफल होगा और इसे खत्म करने के लिए हमारी सरकार की ओर से सौ प्रतिशत सहयोग दिया जा रहा है।'' योगेश कदम ने यह भी याद दिलाया कि महायुती सरकार ने पहले भी मराठा समाज को न्याय दिलाया है। उन्होंने कहा, ''देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री रहते हुए मराठा समाज को न्याय मिला।

# मुंबई : आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए संविधान संशोधन का सुझाव दिया

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने रविवार को मराठा कार्यकर्ता मनोज जारंगे पाटिल को आजाद मैदान में एक और दिन के लिए अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अनुमति दे दी। पाटिल ओबीसी श्रेणी के तहत मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर तीन दिनों से भूख हड़ताल पर हैं और उन्होंने अपनी माँगें पूरी होने तक पानी न पीने की कसम खाई है। आंदोलन ने महायुति सरकार पर दबाव बढ़ा दिया है, जिसने हितधारकों के साथ बातचीत करने के लिए महाराष्ट्र के मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल के नेतृत्व में 10 सदस्यीय मंत्रिस्तरीय समिति का गठन किया है। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि राज्य सरकार इस मुद्दे को सुलझाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने विरोध प्रदर्शन




को समर्थन दिया है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (सपा) प्रमुख शरद पवार ने आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए संविधान संशोधन का सुझाव दिया, जिसका शिवसेना सांसद संजय राउत ने भी समर्थन किया। हालांकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शरद पवार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे सुझाव देने वाले नेता खुद लंबे समय तक सरकार में रहे हैं। पवार ने इससे पहले पुणे में पत्रकारों से कहा, ''जो लोग अब बोल रहे हैं, वे खुद लंबे समय तक सरकार में रहे हैं, इसलिए कृपया हमें इन सब बातों में पड़ने के लिए मजबूर न करें। वे सभी सम्मानित और अनुभवी नेता हैं। संजय राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें मनोज जारंगे पाटिल से व्यक्तिगत रूप से मिलना चाहिए। राउत ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, ''आरक्षण का पूरा मुद्दा गृह मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्हें अपना अहंकार छोड़कर जिम्मेदारी लेनी चाहिए।'' राउत ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ज़िम्मेदारी है कि वे धरना समाप्त करें और आजाद मैदान में जारंगे पाटिल से सीधे बात करें ।

जरांगे पाटिल सभी मराठों को कुनबी श्रेणी में शामिल करने पर जोर दे रहे हैं, जो ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत एक उप-जाति है, जिससे समुदाय को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इससे पहले, शुक्रवार को समर्थकों को संबोधित करते हुए, पाटिल ने महायुति सरकार पर समुदाय की माँगों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''अगर सरकार हमारे इलाके में घुसेगी, तो मराठा अपने इलाके में घुस जाएँगे।

# महाराष्ट्र : बाल सुधारगृह से 6 लड़कियां फरार, 2 पकड़ी गईं

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के उल्हासनगर स्थित सरकारी बाल सुधारगृह से छह लड़कियां फरार हो गईं। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर दो को ढूंढ लिया। घटना बुधवार दोपहर हुई। आरोप है कि बालिकाओं ने किसी तरह मुख्य द्वार की चाबी हासिल कर ली और गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के भोजन पर जाने के दौरान भाग निकलीं। अपहरण का मामला दर्ज होने के बाद डीसीपी सचिन गोरे के नेतृत्व में तलाश अभियान चला। मीरा-भयंदर में दो लड़कियों को उनके घर से बरामद कर सुधारगृह वापस लौटाया गया।

# भिवंडी में अवैध पिस्तौल और कारतूस सहित...

## नफीस उर्फ 'तोतला' गिरफ्तार

**ठाणे :** अपराध शाखा यूनिट 2, भिवंडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शांतिनगर क्षेत्र में अवैध पिस्तौल के साथ घूम रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पंजीकृत कैदी नफीस उर्फ 'तोतला' शांतिनगर पाइपलाइन रोड पर हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना की पुष्टि होते ही वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसएसपी भैर और उनकी टीम ने 30 अगस्त को भड़वडनाका से बिलालनगर की ओर जाने वाली



पाइपलाइन रोड पर ट्रांसफार्मर के पास जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नफीस उर्फ तोतला दिलावर खान (23), निवासी शांतिनगर, भिवंडी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक माउजर पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस जब्त किए गए। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी फैल गई हैं। आरोपी के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आर्म्स एक्ट 1979 की धारा 3, 27 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37 (1), 137 के तहत मामला दर्ज किया गया है। कार्रवाई अपराध शाखा यूनिट-2 भिवंडी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनावणे के नेतृत्व में सपोनि मिथुन भोईर, सपोनि रविंद्र पाटिल, सपोनि सुधाकर चौधरी समेत पुलिस टीम ने की।

# दक्षिण मुंबई में विरोध प्रदर्शन का सबसे ज्यादा असर



**मुंबईः** बम, बम बॉम्बे, देखो ये जमावड़ा' कहते हुए मराठा बंधुओं ने आरक्षण की मांग को लेकर अपने आंदोलन के दूसरे दिन सीएसएमटी इलाके को तीन घंटे से ज्यादा समय तक जाम रखा। इसके चलते दक्षिण मुंबई में यातायात जाम रहा। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की। उन्हें मनोज जरांगे-पाटिल के भाषण की एक ऑडियो क्लिप सुनाई गई। लोगों से न घबराने और न ही यातायात जाम करने की अपील करने के बावजूद, पुलिस ने पीछे से वाहनों को निकलने दिया। देखा गया कि वाहन सीधे रिवर्स गियर लगाकर तीन घंटे से ज्यादा लंबे यातायात जाम से शांतिपूर्वक निकल गए।

भारी बारिश में कई लोग सड़क पर डेरा डाले रहे, रात में उनके पास खाने-पीने का कोई साधन नहीं था। शुक्रवार शाम को, जैसे ही उन्हें पता चला कि विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन के लिए बढ़ा दिया गया है, पीछे मुड़े वाहनों ने फिर से यू-टर्न ले लिया। कई लोगों ने सीएसएमटी से क्रॉफर्ड मार्केट इलाके तक दोनों तरफ सैकड़ों वाहन खड़े कर दिए। शनिवार को विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन, सुबह 7:30 से 8 बजे तक, मराठा प्रदर्शनकारी छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के सामने सड़क पर फिर से जमा हो गए। विरोध प्रदर्शन का सबसे ज्यादा असर दक्षिण मुंबई में पड़ा। फोर्ट, पोस्ट ऑफिस, मंत्रालय, नरीमन पॉइंट, गिरगाँव, जे. जे. फ्लाईओवर की ओर जाने वाली सड़कों पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जे. जे. मार्ग से भायखला तक एक बार फिर कतारें लग गईं। बेस्ट की तीन-चार बसें और निजी वाहन फंस गए। काफी देर इंतजार करने के बाद, बस में सवार यात्रियों को बस से उतरकर पैदल ही रेलवे स्टेशन और कार्यालयों तक पहुँचना पड़ा।

**पुलिस ने समझौता कराया**

कुछ लोग सड़क पर सो गए, जबकि अन्य ने गाना शुरू कर दिया। कई लोगों ने कहा कि जब तक उनकी माँगें पूरी नहीं हो जातीं, वे रास्ता नहीं छोड़ेंगे। संयुक्त पुलिस आयुक्त सत्यनारायण चौधरी, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिनव देशमुख, पुलिस उपायुक्त डॉ. प्रवीण मुंधे और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की। पुलिस ने समन्वयकों की मदद से उन्हें मना लिया। सड़क जाम करने की कोशिश जो बारिश थम गई थी, शाम करीब 4 बजे फिर से शुरू हो गई। मराठा बंधु फिर से सड़क पर उतर आए। उन्होंने सीएसएमटी के सामने दोनों सड़कें जाम करने की कोशिश की। पुलिस ने बिना समय गंवाए वाहनों को वापस मोड़कर समस्या का समाधान किया।

# मुंबई : कुश्ती लड़ते, आउटडोर गेम्स खेलते दिखाई दे रहे हैं प्रदर्शनकारी...

**मुंबई :** मराठा आरक्षण आंदोलन के बढ़ते प्रभाव के बीच, वायरल हुए कई वीडियो ने इस बात पर सवाल खड़े कर दिए हैं कि कुछ प्रदर्शनकारी अपना समय कैसे बिता रहे हैं। प्रदर्शन स्थल से ली गई क्लिप में कुछ लोग कुश्ती लड़ते, आउटडोर गेम्स खेलते और उनका उत्साहवर्धन करने वाली भीड़ को इकट्ठा करते दिखाई दे रहे हैं।





कई वीडियो में, प्रदर्शनकारियों के समूह पारंपरिक ढोल की थाप पर सड़कों पर नाचते दिखाई दे रहे हैं। कुछ लोग कैमरे में जयकारे लगाते और हाथ हिलाते हुए कैद हुए हैं, हालाँकि चल रहे आंदोलन की गंभीरता के बावजूद उनमें संयम का कोई संकेत नहीं दिख रहा है।

आरक्षण के मुद्दे पर शुरू हुआ मराठा आंदोलन शनिवार को भी जारी रहा क्योंकि मुंबई में बड़ी संख्या में लोग छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुँच गए हैं। स्टेशन का प्लेटफार्म ही उनके खाने-पीने और सोने की जगह बन गया है। नतीजतन, प्रशासन स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। पहले दिन की तुलना में दूसरे दिन सीएसएमटी पर प्रदर्शनकारियों की संख्या कम होने से यात्रियों को राहत मिली। बारिश शुरू होने पर स्टेशन पर और बारिश के बाद सड़कों पर भी खूब विरोध प्रदर्शन हुए। मेट्रो, खौगली और फोर्ट इलाकों की दुकानें खुली रहीं।


**प्रदर्शनकारियों ने मेट्रो और वाहनों में रात बिताई**

प्रदर्शनकारियों ने सीएसएमटी के मेट्रो में रात बिताई, जबकि कुछ ने अपने वाहनों में रात बिताई। प्रदर्शनकारियों ने जहाँ भी जगह मिली, वहीं आराम किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुंबई और महानगरीय क्षेत्र में अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के यहाँ शरण ली। महिला प्रदर्शनकारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है महिलाओं के लिए भी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

# नवी मुंबईः हवा में धूल... टाटा कैंसर अस्पताल में पास “चिंताजनक स्थिति”, खनन गतिविधि तुरंत रोकने की माँग

**नवी मुंबईः** नवी मुंबई के खारघर स्थित टाटा कैंसर अस्पताल में पास की एक पत्थर की खदान से पत्थर का चूरा, धूल हवा में घुल रहा है, इस बात से चिंतित पर्यावरण समूहों ने सोशल मीडिया पर एक अभियान के जरिए इस ‘‘चिंताजनक स्थिति’’ को प्रधानमंत्री तक पहुँचाया है और खनन गतिविधि को तुरंत रोकने की माँग की है। चूँकि रायगढ़ ज़िला प्रशासन पहले ही स्वीकार कर चुका है कि खदान को अनुमति नहीं दी गई है, इसलिए नेटकनेक्ट फाउंडेशन ने कलेक्टर से की गई कार्रवाई की जानकारी माँगी है। यह अस्पताल, एडवांस्ड सेंटर फॉर ट्रीटमेंट, रिसर्च एंड एजुकेशन इन कैंसर, भारत भर से जीवन रक्षक उपचार की तलाश में आने वाले





अनगिनत मरीजों के लिए आशा की किरण है। प्रधानमंत्री को संबोधित ऑनलाइन याचिकाओं में कहा गया है कि पास की खदानों से पत्थर का चूरा इन मरीजों की साँस लेने वाली हवा में घुलने लगा है, जिससे उनके पहले से ही कमजोर स्वास्थ्य के लिए और भी खतरा पैदा हो गया है।

नैटकनेक्ट फाउंडेशन और प्रोटेक्ट नवी मुंबई एनवायरनमेंट प्लेटफॉर्म ने दो अलग-अलग याचिकाओं में बताया है कि पत्थर के धूल के लगातार संपर्क में रहने से श्वसन संबंधी समस्याएँ बढ़ सकती हैं, मौजूदा स्वास्थ्य स्थितियाँ और जटिल हो सकती हैं, और सबसे बुरी स्थिति में, गंभीर फेफड़ों की बीमारियाँ हो सकती हैं। कैंसर के मरीज, जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली पहले से ही कमजोर है, उन्हें इन स्वास्थ्य जटिलताओं का सामना करने का ज्यादा खतरा होता है, जिससे उनके ठीक होने की प्रक्रिया पर गहरा असर पड़ सकता है।

प्रोटेक्ट नवी मुंबई एनवायरनमेंट समूह के सूर्य जयंत हुदर ने कहा कि टाटा कैंसर अस्पताल के पीछे चल रही खदान गतिविधि एक असुरक्षित वातावरण पैदा करती है जिसका सीधा असर उन लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण पर पड़ता है जो पहले से ही कमजोर हैं और अपनी जान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। नैटकनेक्ट फाउंडेशन के निदेशक कुमार ने कहा कि प्रदूषण-मुक्त वातावरण में काम करने के लिए डिजाइन किए गए उपकरण भी हवा में मौजूद कणों के प्रवेश के कारण लगातार जोखिम में रहते हैं।

# रो-रो बोट से उतरते समय चालक ने नियंत्रण खोया कार सीधे समुद्र में गिरी



**वसई :** विरार के मरम्बलपाड़ा जेट्टी पर एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। रो-रो बोट से उतरते समय चालक का नियंत्रण खो जाने से एक कार सीधे समुद्र में गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस और अन्य यात्रियों की मदद से दोनों कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। नागरिकों की सुविधा के लिए, महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड विरार और जलसार के बीच रो-रो सेवा संचालित करता है। इन नावों पर प्रतिदिन कई नागरिक दोपहिया और चार पहिया वाहनों से यात्रा करते हैं। जलसार से लौट रही नाव जब विरार के मरम्बलपाड़ा जेट्टी पर पहुंची, तो एक चार पहिया वाहन के चालक ने वाहन से उतरते समय नियंत्रण खो दिया। जिससे वाहन किनारे पर पहुंचने के बजाय सीधे समुद्र में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, जेटी कर्मचारियों और मौजूद यात्रियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। सावधानी बरतते हुए उन्होंने कार में सवार दोनों यात्रियों को समय रहते बाहर निकाल लिया। इससे एक बड़ा हादसा टल गया। कुछ देर बाद ड्राइवर की कार को भी पानी से बाहर निकाल लिया गया। इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

# सुप्रिया सुले ने आजाद मैदान में मनोज जारंगे पाटिल से मुलाकात की

## प्रदर्शनकारियों ने जाहिर किया गुस्सा



**मुंबई :** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर मनोज जारंगे पाटिल ने एक बार फिर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जारंगे पिछले दो दिनों से मुंबई के आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर हैं। हजारों मराठा प्रदर्शनकारी मुंबई पहुँच चुके हैं। राजनीतिक नेताओं ने भी जारंगे पाटिल का समर्थन करना शुरू कर दिया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी' के सांसद शरद चंद्र पवार और सुप्रिया सुले ने आजाद मैदान में मनोज जारंगे पाटिल से मुलाकात की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुले के सामने अपना गुस्सा जाहिर किया।

पूर्व भाजपा विधायक, पूर्व आईपीएस अधिकारी समेत 14 लोगों को उम्रकैद की सजा; बिल्डर और 12 करोड़ रुपये के मामले का क्या? सांसद सुप्रिया सुले आज आजाद मैदान में धरने पर मौजूद थीं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सुले के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। मनोज जारंगे पाटिल से मिलने के बाद सुप्रिया सुले अपनी कार की ओर जा रही थीं। इसी दौरान मराठा प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेर लिया और एक मराठा-एक लाख मराठा जैसे नारे लगाने लगे। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने सांसद शरद पवार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान जोरदार हंगामा हुआ। कुछ मराठा प्रदर्शनकारियों ने सुप्रिया सुले के लिए रास्ता बनाया और उन्हें कार तक ले गए। राधाकृष्ण विखे-पाटिल ने साफ कहा मराठा आरक्षण समर्थक मनोज जरंगे पाटिल ने अपनी माँग को लेकर एक बार फिर भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जरंगे पिछले दो दिनों से मुंबई के आजाद मैदान में भूख हड़ताल पर हैं। हजारों मराठा प्रदर्शनकारी मुंबई पहुँच चुके हैं। राज्य सरकार ने भी आरक्षण पर समाधान निकालने के लिए बैठकें शुरू कर दी हैं। राजनीतिक नेताओं ने भी जरंगे पाटिल का समर्थन करना शुरू कर दिया है। दूसरी ओर, राजनीतिक गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

# भिवंडी का मौत का तालाब... प्रशासन की लापरवाही से गई एक और जान!

**भिवंडी :** भिवंडी शहर में शनिवार रात एक बार फिर प्रशासन की लापरवाही ने एक परिवार को तबाह कर दिया। दरगाह दिवान शाह परिसर के पुराने तालाब में 48 वर्षीय शकील अंसारी की डूबकर मौत हो गई। समरूबाग निवासी शकील किराए के मकान में पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। अचानक हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का



पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तालाब की सुरक्षा को लेकर भिवंडी महानगर पालिका वर्षों से लापरवाह बनी हुई है। दशकों पुराने इस तालाब की चारदीवारी पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। आसपास की घनी बस्तियों में रोजाना सैकड़ों बच्चे खेलते हैं, वहीं बरसात के दिनों में तालाब लबालब भर जाता है। इसके बावजूद पालिका ने सुरक्षा दीवार की मरम्मत या नई दीवार बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। निवासियों का आरोप है कि यह हादसा कोई पहला नहीं है। इस तालाब ने पहले भी कई मासूम जिंदगियां निगली हैं।

# कंटेनर ने अन्य वाहन को मारी टक्कर

**ठाणे :** ठाणे शहर में एक कंटेनर ट्रक ने व्यस्त घोड़बंदर मार्ग पर अन्य वाहन को टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक चालक घायल हो गया। नगर निगम के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना तड़के चार बजकर 48 मिनट पर रुतु एन्क्लेव कॉम्प्लेक्स के निकट हुई जिसके कारण करीब एक घंटे से अधिक समय तक यातायात बाधित रहा। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि नवी मुंबई के न्हावा शेवा से गुजरात के सूरत जा रहा एक कंटेनर ट्रक सड़क किनारे खड़े एक अन्य कंटेनर से टकरा गया, जहां मेट्रो निर्माण कार्य हो रहा था। दुर्घटना के बाद, गुजरात जा रहे कंटेनर का चालक अपने केबिन में फंस गया। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के कर्मचारियों ने तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और 20 से 25 मिनट बाद चालक को वाहन से बाहर निकाला गया।

# मुंबई : 25 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार... 89 चोरी के मोबाइल फोन बरामद

**मुंबई :** ओशिवारा पुलिस ने एक 25 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 89 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अक्षय राजू दुगलज के रूप में पहचाने गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि उसने पिछले कुछ महीनों में अंधेरी से गोरेगांव बेल्ट तक मोबाइल फोन चुराए थे। उसने गोरेगांव के एक कमरे के अंदर एक प्लास्टिक बैग में सभी चोरी किए गए फोन रखे थे और उन्हें बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा था।



यह मामला तब सामने आया जब शिकायतकर्ता राहुल मिश्रा (34), जो ओशिवारा के एक होटल में मैनेजर के रूप में काम करते हैं, ने रिपोर्ट किया कि उनका मोबाइल फोन जिसकी कीमत 50,000 रुपये है, 28 अगस्त को होटल परिसर से चोरी हो गया था। शुक्रवार को उनकी शिकायत के बाद, पुलिस सब-इंस्पेक्टर दीपक थोरात ने तकनीकी साक्ष्य की मदद से आरोपी का पता लगाया। पुलिस कांस्टेबल आनंद पवार, धनंजय जगदाले और विनोद राठौड़ की एक टीम ने दुगलज को पकड़ लिया।

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com
www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani